53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 27.4°c
अधिकतम 35.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:31, सूर्यास्त - 7:19 | वर्ष : 53/ अंक : 198 | शनिवार, 19 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

भय और शक जीवन की गंगा में विषय घोल देता है।

पश्चिम बंगाल के विकास की राह में टीएमसी सरकार दीवार है, इसे ढहाने की जरूरत है : मोदी



राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग तो मुद्दत से हो रही है....

# पेस्टीसाइड्स फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान





**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड स्थित पेस्टीसाइड फैक्ट्री में आग लग गयी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। फैक्ट्री बंद होने के कारण आग लगने की जानकारी नहीं हो पाई। फैक्ट्री में जैसे ही धुआं उठते देखा तो आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी दी।

शुक्रवार को भोपा रोड स्थित माया फर्टीलाइजर एंड पेस्टीसाइड फैक्ट्री में दोपहर बाद अचानक आग लग गयी। आग लगने के दौरान फैक्ट्री बंद थी। आसपास के लोगों ने आग की लपटें देखकर घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर अग्नि शमन अधिकारी अनुराग कुमार, विभागीय कर्मियों को लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन आग ने उस तक विकराल रूप धारण कर लिया था। जैसे-तैसे फैक्ट्री का गेट खुलवाकर शटर को तोड़ा गया। मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां व मीनू पेपर मिल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आपको बता दें कि इस फैक्ट्री में कृषि कार्य में उपयोग की जाने वाली स्प्रे मशीन बनाई जाती है। फैक्ट्री में स्प्रे मशीन बनाने में उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक होने के कारण आग ने कुछ समय में विकराल रूप धारण कर लिया। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया कि शार्ट-सर्किट के कारण उक्त फैक्ट्री में आग लगी है। दमकाल विभाग ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह काबू कर लिया। आग में लाखों रुपए का नुकसान होने का आंकलन किया गया है।

# आईपीएस ऋषिका सिंह ने जख्मी भोलों के पैरों पर खुद लगाई मरहम

## ▶▶ अखिलेश को मिल गया होगा उनके तंज कसने का जवाब

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** चार दिन पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज करते हुए कहा था कि सरकार अफसरों को आदेश जारी करे कि सीओ कांवड़ियों के पैर दबाएं और आईएएस, पीसीएस अधिकारी कांवड़ियों को भोजा कराने का काम करें। मगर आज कांवड़ियों के प्रति अपनी भावना व्यक्त करते हुए आईपीएस ऋषिका सिंह खुद कांवड़ सेवा शिविरों में उतरी और एकाएक भोला कांवड़ियों के जख्मी पैरों पर मरहम लगाने का काम किया। यह दृश्य देखकर उनके इर्द-गिर्द चलते पुलिसकर्मी हैरत में रह गए। सिर्फ पैरों पर मरहम ही नहीं वृद्धों के पैर दबाने, किशोरों को आयोडैक्स लगाने का काम भी करती ऋषिका सिंह दिखाई दी। उक्त सेवा भाव का वीडियो जब सोशल मीडिया पर चला तो लोगों ने उनकी तारीफ तो की ही, साथ ही साथ यह भी कहा कि मन के भाव पर ही सब कुछ निर्भर है। और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव क्या जानें कि कांवड़ सेवा के क्या भाव होते हैं? कभी हरिद्वार से 10 किलो जल उठाकर सिर्फ मुजफ्फरनगर ही आ जाएं तो अपने आप समझ आ जाएगा कि कौन किसके पैर दबाता है? कुल मिलाकर ऋषिका सिंह का यह वीडियो खूब सराहा गया। और तंज कसने वाले अखिलेश यादव को फेसबुक पर माकूल जवाब मिले। लोगों ने कहा कि उनकी आस्था जिस धर्म में हो, वे उसका पालन करें, मगर किसी की भक्ति, तपस्या पर टिप्पणी करने का अधिकार उन्हें नहीं है।





# आरएएफ की गाड़ी डिवाइडर से टकराई, 12 महिला जवान घायल

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** नगर के जानसठ रोड पर देर रात आरएएफ की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे के बाद गाड़ी में सवार 12 महिला जवान चोटिल हो गयी, जबकि चालक हैड कांस्टेबल के पैर की हड्डी टूट गयी। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के पीछे चल रही दूसरी गाड़ी में सवार आरएएफ के जवानों ने घायलों को तुरन्त उपचार के लिए जानसठ रोड पर स्थित प्राइवेट अस्पताल में ले गया। उसके बाद सभी को बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, जहां से उपचार के बाद सभी घायल महिला जवानों को वापस भेज दिया गया। उक्त सभी जवानों की रात्रि में नगर के शिवचौक पर ड्यूटी थी, जोकि ड्यूटी समाप्ति के बाद वापस लौट रहे थे।

जनपद में कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न एवं सुरक्षा के दृष्टि से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आरएएफ की कम्पनी आयी हुई है। इस कम्पनी में शामिल जवानों की ड्यूटी शिवचौक पर लगी हुई है। रात्रि लगभग 3 बजे ड्यूटी समाप्ति के बाद उक्त कम्पनी में शामिल आरएएफ की महिला व पुरुष जवानों को लेकर दो गाड़ियां जानसठ रोड पर आ रही थी। उक्त जवानों के ठहरने की व्यवस्था के लिए जानसठ रोड डीडीपीएस स्कूल में की गयी है। रात्रि में ही जानसठ रोड पर नींद की झपकी आने पर महिला जवानों की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गयी। घटना में चालक हैड कांस्टेबिल मुन्नीलाल के पैर की हड्डी टूट गयी, जबकि महिला जवान सीमा, सुशीला, मोनी, संगीता, अनिता, निधि, संतोष, रेखा, कृष्णा, पुष्पा, रेशा व ऊषा चोटिल हो गयी। इन जवानों के पीछे चल रही एक अन्य गाड़ी से पुरुष जवानों ने उतरकर सभी घायलों को उपचार के लिए जानसठ रोड पर स्थित प्राइवेट अस्पताल में पहुंचवाया। सभी चोटिल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेगराजपुर मैडिकल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद महिला जवानों को वापस भेज दिया गया था, जबकि चालक हैड कांस्टेबिल मुन्नीलाल का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि नींद की झपकी आने के कारण आरएएफ की गाड़ी डिवाइडर से टकराई थी। सभी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है।

# आ गई देश को समर्पित 511 फीट की तिरंगा कांवड़

## देश की शान: 511 फीट की तिरंगा कांवड़ ने रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** धर्मनगरी हरिद्वार से मुजफ्फरनगर पहुंची इस कांवड़ में शिवभक्ति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब 511 फीट की विशाल तिरंगा कांवड़ ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह अनोखी कांवड़ न सिर्फ आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि देश भक्ति के जज्बे को भी एक नया आयाम दिया। यह तिरंगा कांवड़, जिसने संभवतः देश की सबसे लंबी कांवड़ होने का रिकॉर्ड बनाया है, हरिद्वार के विभिन्न घाटों से सराहना की और इसे देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का एक अनोखा तरीका बताया। आपको बता दें कि देश के जवानों को समर्पित इस विशाल तिरंगा कावड़ को मुजफ्फरनगर जनपद के रहने वाले 43 किसान लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 2017 में पहली बार इन शिवभक्त कांवड़ियों की टोली 121 फीट, 2018 में 151 फीट की तिरंगा कांवड़ लेकर आई थी, जिसके बाद अब 2025 में ये शिव भक्तों की टोली 511 फीट की विशाल तिरंगा

### प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** प्रशासन द्वारा इस विशाल कांवड़ यात्रा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। यातायात को सुचारु बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात थे। यह 511 फीट की तिरंगा कांवड़ निश्चित रूप से एक यादगार यात्रा बन गई है, जिसने धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ देशभक्ति की भावना को भी प्रबल किया। यह देश के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो आने वाले समय में भी लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

पवित्र गंगाजल लेकर रूड़की से होते हुए मुजफ्फरनगर पहुंची। कांवड़ यात्रा के दौरान, भोले के भक्तों ने 'हर हर महादेव' और 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाए। कांवड़ में सजे तिरंगे के विशालकाय स्वरूप को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। हर कोई इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों में कैद करने को आतुर दिखा। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस पहल की कांवड़ लेकर आई हैं, जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम जुटा हुआ है। इस कांवड़ को लाने वाले शिव भक्त कांवड़िए बताते हैं कि वह हरिद्वार से गंगाजल उठाकर अपनी इस विशाल तिरंगा कांवड़ को लेकर बागपत के पुरा महादेव मंदिर में जा रहे हैं, जहाँ ये शिवरात्रि के दिन भगवान शिव शंकर को जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूरी करेंगे। ये कांवड़िए इस विशाल तिरंगा कांवड़ के साथ रोजाना 10 से 12 किलोमीटर चलकर अपनी इस यात्रा को कर रहे हैं, जिसके बारे में इस कांवड़ को ला रही टोली के सदस्य मुकेश कुमार बताते हैं कि हम हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए पुरा महादेव जाएंगे। 511 फीट की कांवड़ है। हमारी भारतीय जवानों के लिए मान सम्मान के लिए उनको समर्पित है यह तिरंगा कांवड़ है। "यह तिरंगा कांवड़ न सिर्फ भगवान शिव के प्रति हमारी भक्ति दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि हम सभी भारतीय एक हैं और अपने देश के प्रति समर्पित हैं।"





# बिजनौर में टैंक में गिरे चार श्रमिक, तीन की मौत

**बिजनौर 18 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के नांगल सोती थाना क्षेत्र में स्थित चीनी मिल में शुक्रवार को टैंक की सफाई करने उतरे चार श्रमिकों में तीन की जहरीली गैस से दम घुटने से मृत्यु हो गयी, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तम शुगर मिल में इन दिनों सफाई एवं मरम्मत का कार्य चल है। आज सुबह लगभग साढ़े दस बजे चार मजदूर मिल में एटीपी प्लांट टैंक की सफाई करने पहुंचे थे। सफाई के दौरान वाटर ट्रीटमेंट टैंक में मजदूर जैसे ही उतरे, अचानक अचेत होकर गिर पड़े। टैंक में ज्यादा पानी नहीं था। माना जा रहा है कि टैंक में जहरीली गैस थी जिसकी वजह से मजदूर बेहोश होकर गिरे। उन्होंने बताया कि मजदूरों को अचेत अवस्था में टैंक से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने कपिल देव (40), मुनेश्वर (45) और सोपाल (49) को मृत घोषित कर दिया। अचेतावस्था में प्रभात नामक मजदूर अस्पताल में भर्ती है। घटना की सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गये और मिल गेट पर हंगामा किया। साथ ही मृतक आश्रितों को उचित मुआवजे की मांग की।

## प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ी, भोजपुर में कार्यक्रम छोड़ हॉस्पिटल में करवाया भर्ती

**बिहार, 18 जुलाई (एजेंसी)।** आरा की एक जनसभा के दौरान जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। तबीयत खराब होने के चलते उन्हें बीच सभा से ही जाना पड़ गया। प्रशांत किशोर इन दिनों अपनी पार्टी जन सुराज के प्रचार में सक्रिय है। उन्होंने दावा किया है कि बिहार की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेंगे और चुनाव से पहले या बाद में किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेंगे। प्रशांत किशोर बिहार विधासनभा चुनाव को लेकर जोर-शोर से रैली कर रहे हैं। शुक्रवार को भोजपुर में रैली करने पहुंचे प्रशांत किशोर के सीने में अचानक दर्द होने लगा, जिसके कारण वो मंच पर आये बैठे, लेकिन दर्द के कारण सभा को संबोधित किये बिना वहां से निकल गए।



# लो .. सुन लो जिला अस्पताल में मरीज ने बताई अनोखी बात, चोट दाहिने पैर पर और प्लास्टर बांध दिया बाएं पैर पर

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** कहते हैं गलती हर किसी से हो जाती है, परंतु ऐसी गलती भी नहीं होनी चाहिये, जिससे किसी की जान पर ही आफत आ जाये। ऐसा ही एक मामला जिला अस्पताल के कांवड़ बार्ड से सामने आया है।

यहां एक कांवड़ियां, जिसका नाम कृष्णा उम्र 18 साल, नई मंडी शिवपुरी मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। गंगा जल लेकर हरिद्वार से आ रहा था। रास्ते में मुजफ्फरनगर के पास ही दुर्घटना का शिकार हो गया, उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में लाया गया, जहां से उसे कांवड़ वार्ड में शिफ्ट किया गया। यहीं से सारा मामला शुरू होता है।

कृष्णा के जीजा वैभव का आरोप है कि कृष्णा को चोट दूसरे पैर पर लगी थी, जबकि प्लास्टर दूसरे ही पैर पर लगा दिया गया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर क्या डॉक्टर या कर्मचारी बिना एक्सरे देखे ही अगर प्लास्टर लगा दिया, तो क्या कर्मचारी भी थकावट का शिकार हैं।



### पिछले 24 घंटे में आये इमरजेंसी में 44 मामले

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** आपको बता दें कि जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर के इमरजेंसी में पिछले 24 घंटे में 44 मामले आये हैं। इसमें से 2 कांवड़ियों को पेट में दर्द था और टीनू सड़क हादसे का शिकार हुआ था जिसकी गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रैफर कर दिया गया था। इस अलावा 25 लोगों को जिला अस्पताल के कांवड़ वार्ड में शिफ्ट कर उपचार चल रहा है।

मेरा साला कृष्णा जल लेकर आ रहा था, तो उसे बाइक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद उसे हम जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर ले आये। सुबह अस्पतालकर्मियों ने कृष्णा का एक्सरे किया, तो उसके दाहिने पैर की हड्डी टूटी हुई थी, लेकिन अस्पताल के कर्मियों की लापरवाही से बाएं पैर पर ही प्लास्टर चढ़ा दिया गया।

▶▶ वैभव, कृष्णा भोले का जीजा।

मैंने डॉक्टर से बात कर ली है। डॉक्टर का कहना कि दोनों पैरों की हड्डी टूटी हुई थी, परंतु इसके एक पैर में सूजन ज्यादा थी, जिसके कारण दूसरे पैर में प्लास्टर नहीं चढ़ाया गया है। सूजन कम होते ही चढ़ा दिया जाएगा और मैं परिवार से भी बात कर रहा हूं, उनकी भी शंका दूर की जाएगी।

▶▶ सुनील तेवतिया, सीएमओ, मुजफ्फरनगर

मैंने बताया भी कि मुझे दर्द दाहिने पैर में हो रहा है, लेकिन उन्होंने सुना तक नहीं और बाएं पैर पर ही प्लास्टर चढ़ा दिया। मैं कहता रहा पर उन्होंने मेरी एक नहीं सुनी।

▶▶ कृष्णा, पीड़ित

## कांवड़ियों को आतंकी कहने वालों पर सीएम योगी का फूटा गुस्सा, बोले, 'लातों के भूत बातों से नहीं मानते'

**वाराणसी, 18 जुलाई (एजेंसी)।** सावन का महीना चल रहा है। इस दौरान कांवड़ यात्रा को लेकर अलग-अलग मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों को लेकर आज यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुलकर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि, 'कांवड़ियों को उपद्रवी बताने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने जनजातीय समाज को राष्ट्र से काटकर रखा था। दरअसल सीएम योगी वाराणसी में भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन में पहुंचे थे। अपने भाषण में उन्होंने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम के जुलूस को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि, 'मुहर्रम का किसी ने विरोध नहीं किया। सरकार ने हादसे रोकने के लिए कुछ नियम बनाए हैं, इस नियम में ताजिये की लंबाई सीमित रखने को कहा, लेकिन कुछ लोगों ने जानबूझकर इसका उल्लंघन किया, जिसका नतीजा ये रहा कि जौनपुर के बड़े हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। उपद्रव करने की नीयत से लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। तब पुलिस को बल प्रयोग करने के लिए कहा, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मान सकते।'



## यूपी में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ढेर, 50 हजार का था इनाम

**मोहम्मदाबाद, 18 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी पुलिस ने बच्ची से पहले बलात्कार और बाद में उसकी हत्या करने के आरोपी को मुठभेड़ में ढ़ेर किया है। पूरा मामला मोहम्मदाबाद का है। यहां एक नाबालिग बच्ची अपनी बुआ के घर गर्मियों की छुटी में आई थी। इस दौरान आरोपी बच्ची को लालच देकर अपने साथ ले गया। दूसरे दिन बच्ची की लाश मैनपुरी जनपद के भोगांव कोतवाली में नदी किनारे मिली थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ़्तारी के लिए कई टीमें बनाई, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। ऐसे में पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को पुलिस मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया था। इलाज के दौरान लोहिया अस्पताल में उसकी मौत हो गई। आरोपी का नाम मनु बताया जा रहा है। 27 जून को बच्ची के लापता होने के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो पाया कि एक व्यक्ति बच्ची को अपने साथ लेकर कहीं जा रहा है। पुलिस जांच कर रही थी तभी 28 जून को मैनपुरी जनपद के कोतवाली भोगांव में नदी किनारे बच्ची की लाश मिली। इसके बाद पुलिस की कई टीमों ने आरोपी की तलाश की लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया।



**श्रद्धांजलि**



**श्रीमती चन्द्रकान्ता**

(पत्नी स्व. श्री कुन्दनलाल)

**19 वीं पुण्यतिथि**

निर्वाण : 19-07-2006

आपको परिवार के बीच से गए 18 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन परिवार के प्रत्येक सदस्य के दिलों से आप आज भी, जरा सी भी ओझल नहीं हुई। आपके द्वारा परिवार के प्रति किया गया समर्पण आज भी परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को स्मरण है। आपका भोलापन एवं मृदु-मुस्कान हम सभी के लिए जीवनदायिनी संजीवनी बना रहेगा। सहज रहकर परिवार को चलाने की जो कला आपमें थी, उन्हीं गुणों को परिवार के बच्चों को देने का प्रयास हमारे द्वारा निरंतर किया जा रहा है। आशा है कि ईश्वर लोक से आप भी बच्चों को अपना आशीर्वाद एवं बड़ों को अपना स्नेह सदैव की भांति प्रदान करेंगी।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन' परिवार

# सौतेली मां का हत्यारा आलम शाहपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

## -फावड़े से काटकर की थी रजिया की निर्मम हत्या

शाहपुर, 18 जुलाई (बु.)। थाना पुलिस ने सौतेली मां के हत्यारोपी पुत्र को हत्या में प्रयुक्त फावड़े के साथ सुजडू जाने वाले अंडरपास से गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के नया गांव मीरापुर रकबे के पीनना बाईपास पर मेहराज अपनी पत्नी रजिया के साथ राह रहा था। बृहस्पतिवार की देर शाम 50 वर्षीया महिला रजिया पर उसके सौतेले पुत्र जाने आलम ने फावड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। घटना के संबंध में मृतका के पति मेहराज ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी गांव सुजडू मौहल्ला कूंगरपट्टी निवासी जाने आलम को सुजडू जाने वाले रास्ते पर स्थित अंडरपास से हत्या में प्रयुक्त फावड़े के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी माता साजिदा का इंतकाल हो गया था। उसके पिता ने मेरठ जनपद के किठौर निवासी रजिया से दूसरी शादी कर ली थी, जिससे वह खुश नहीं था। पिता भी उन भाई बहनों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था तथा संपत्ति को भी रजिया के नाम करने को कह रहा था, जिसको लेकर आपस में अक्सर विवाद होता रहता था। इसी प्रॉपर्टी के चक्कर में उसने रजिया की हत्या करने के बारे में सोचा और बृहस्पतिवार को वह नया गांव मीरापुर पीनना बाईपास स्थित जमीन पर पहुंचा और वहां मौजूद रजिया पर फावड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया।



# शहर का सबसे बड़ा जिला अस्पताल कूड़ा डलावघर किया बंद

## - चेयरपर्सन ने शहर में बंद कराये आठ कूड़ा डलावघर - पालिका प्रशासन ने की जिला महिला और पुरुष अस्पतालों को नोटिस देने की तैयारी





मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के बाद मुजफ्फरनगर नगर पालिका अब शहर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के मिशन में जुट गई है। इसी क्रम में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार को जिला अस्पताल लद्दावाला स्थित सबसे बड़ा कूड़ा डलावघर बंद करवा दिया। इस पहल से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली और इस प्रयास की सराहना की। पालिका चेयरपर्सन ने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान शहर के प्रमुख कूड़ा प्वाइंट्स और डलावघरों का निरीक्षण लिया। शहर की सफाई के लिए पालिका प्रशासन के साथ अनुबंध के आधार पर कार्य कर रही जेएस एनवायरो सर्विसेज लिमिटेड प्रा. लि. नई दिल्ली के सहयोग से पालिका ने आठ प्रमुख डलावघर पूरी तरह से बंद कर दिए हैं। इनमें जिला अस्पताल लद्दावाला के अलावा मेरठ रोड सिटी सेंटर, डीएम आवास के पास, कमला फार्म लिंक रोड गांधी कॉलोनी, भोपा पुल रेलवे लाइन के पास, रामलीला टिल्ला, ईदगाह के सामने प्रेमपुरी आदि स्थान शामिल हैं। पालिका चेयरपर्सन ने निर्देश दिए हैं कि बंद किए गए स्थलों पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति, दुकानदार या निजी कर्मचारी दोबारा वहां कूड़ा डालता पाया गया, तो उसके खिलाफ जुर्माना और विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि जिला महिला व पुरुष अस्पतालों की ओपन ड्रेनेज व्यवस्था सड़क पर गंदगी फैला रही है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने दोनों अस्पतालों के सीएमएस को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है और ड्रेनेज को सीधे नाले से जोड़ने की व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। अनुपालन न करने की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। वहीं पालिका चेयरपर्सन ने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश चौधरी को सभी बंद डलावघरों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। नितेश चौधरी ने बताया कि जिला अस्पताल डलावघर पर अब दो कम्पेक्टर लगाए गए हैं, जिन पर सुपरवाइजर समेत छह कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। ये कर्मचारी वार्डों से आने वाले वाहनों से कूड़े को सीधे कम्पेक्टर में स्थानांतरित करेंगे, जिससे क्षेत्र में सड़क पर कूड़ा फेंकने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद कुसुमलता पाल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, बबीता सिंह, रितु त्यागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर की जनता को 150 लाख रुपए के बूते 10 नई सड़कों की मिली सौगात

## - चेयरपर्सन ने पांच वार्डों में किया नवनिर्मित सीसी सड़कों का उद्घाटन



मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)। नगरीय क्षेत्र में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार को नगर के 5 वार्डों में 150 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 10 सीसी सड़कों का लोकार्पण किया। इस दौरान वार्डों में पालिका चेयरपर्सन का नागरिकों ने फूल मालाओं के साथ अभिनंदन किया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिलेगी तथा विकास को नई दिशा मिलेगी। पालिका निर्माण विभाग द्वारा राज्य वित्त के अन्तर्गत करीब 150 लाख रुपये की धनराशि से पांच वार्डों के अन्तर्गत मौहल्ला खालापार, कृष्णापुरी, प्रेमपुरी, आनन्दपुरी, कच्ची सड़क और गांधी कालोनी क्षेत्र में दस नवनिर्मित सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने लोकार्पण करते हुए जनता को समर्पित किया। इनमें वार्ड 3 में 30 लाख रुपये की लागत से दो सड़क, वार्ड 11 में 40 लाख की लागत से तीन सड़क, वार्ड 16 में 20 लाख की लागत से एक सड़क, वार्ड 37 में 30 लाख की लागत से दो सड़क और वार्ड 39 में 30 लाख की लागत से दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराये गये हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष नंद किशोर, प्रवीण खेड़ा, भाजपा कार्यकर्ता राधे वर्मा, दुलारी मित्तल, मनी पटपटिया, सभासद अनीता हसीब राणा, शहजाद चीकू, अमित पटपटिया, प्रशांत बालियान, रविकांत शर्मा उर्फ काका, प्रियांक गुप्ता, जेई निर्माण कपिल कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

उधर इस सम्बन्ध में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नगर के चहुँमुखी विकास और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर के पाँच वार्डों में निर्मित इन सीसी सड़कों से हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। हमारा संकल्प है कि मुजफ्फरनगर को एक स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त नगर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्मित सड़कें सिर्फ कंक्रीट की परत नहीं, बल्कि विकास की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। आने वाले समय में हर वार्ड को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। हमारी प्राथमिकता पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य है, जो कार्य वर्षों से लंबित थे, उन्हें अब गति दी जा रही है। यह सड़कें न सिर्फ यातायात को सुगम बनाएंगी, बल्कि विकास कार्यों में नागरिकों का विश्वास पालिका प्रशासन के प्रति भी बढ़ाएंगी।

# सांसद इकरा हसन के अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, पंकज मलिक

## - समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन देकर अपर जिलाधिकारी पर की कार्यवाही की मांग



मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)। कैराना लोकसभा सांसद इकरा हसन के साथ दुर्व्यवहार को लेकर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए दुर्व्यवहार के आरोपी सहारनपुर एडीएम प्रशासन पर कार्यवाही हेतु राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। राज्यपाल उत्तर प्रदेश को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि कैराना लोकसभा से सपा सांसद इकरा हसन द्वारा जन प्रतिनिधि के तौर पर बात रखने पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहारनपुर के द्वारा महिला सांसद के साथ आचरण बहुत ही निंदनीय हैं, जो नौकरशाही के बेलगाम होने से जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाओं का उदाहरण है। ज्ञापन में दुर्व्यवहार के आरोपी एडीएम प्रशासन सहारनपुर पर दुर्व्यवहार एवं विशेष अधिकार हनन के लिए दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एड. व चरथावल विधायक पंकज मलिक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से अफसरों का दुर्व्यवहार जब इस तरह का है, तो आम जनता से इनके व्यवहार का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जनता की आवाज उठाने से ऐसी घटनाओं से जनप्रतिनिधियों को रोका नहीं जा सकता। सांसद इकरा हसन का अपमान पूरी तरह लोकतंत्र का अपमान है। अपमान के आरोपी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होनी जरूरी है। समाजवादी पार्टी इकरा हसन सांसद के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सख्त कार्यवाही न होने पर समाजवादी पार्टी इस पर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार यादव सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, हाजी लियाकत अली, प्रदेश सचिव इलम सिंह गुर्जर, विनय पाल, ठॉ. सुखपाल सिंह, विकिल गोल्डी, सोमपाल कोरी, धर्मेंद्र नीटू, पवन बंसल, साजिद हसन, मौलाना नजर मौहम्मद, सत्यदेव शर्मा, डॉ. अविनाश कपिल, राशिद मलिक, सलीम मलिक सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कड़ी धूप में भक्तिभाव के साथ कांवड़ ला रहे शिवभक्त कर रहे मंत्रमुग्ध



मीरापुर, 18 जुलाई (बु.)। कड़ी धूप के बीच हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर शिवालयों की तरफ बढ़ रहे शिवभक्त बम-बम भोले के जयकारों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। विगत वर्षों की तुलना में इस बार भारी कलशों में पवित्र गंगाजल ला रहे कांवड़िये विशेष आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। मीरापुर क्षेत्र में भी धीरे-धीरे शिवभक्तों का आवागमन शुरू हो गया है तथा शिवभक्तों की सेवा के लिए लगने वाले कांवड़ सेवा शिविरों की तैयारियां भी चरम पर चल रही हैं। उधर हरिद्वार से भारी व बड़े-बड़े कलशों में पवित्र गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर बढ़ रहे कांवड़िये कड़ी धूप व भीषण गर्मी के बावजूद भक्तिभाव के साथ वातावरण को बम भोले से जयकारों से भक्तिमय बना रहे हैं। ऐसे कांवड़िये मीरापुर क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। लोग भी श्रद्धा और उमंग के साथ इनका स्वागत कर रहे हैं। शुक्रवार को हरिद्वार से बुलंदशहर व हस्तिनापुर जाने वाले शिवभक्त विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। हस्तिनापुर जाने वाले शिवभक्त ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा के आगे कड़ी धूप या सामने आने वाली अन्य कोई कठिनाई कुछ भी नहीं है। बाबा की भक्ति के आगे सब कठिनाई विफल है।

## पुलिस ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

जानसठ, 18 जुलाई (बु.)। कांवड़ के माध्यम से शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने को हरिद्वार से गंगाजल ला रहे कांवड़िए कस्बे में पहुंचे। कस्बे में पहुंचने पर पुलिस प्रशासन ने उन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। शुक्रवार की सुबह को कुछ कांवड़िए पानीपत-खटीमा मार्ग से होते हुए कस्बे में पहुंचे। उनकी कांवड़ रथ पर विराजमान महाकाल के स्वरूप को देखकर वहां पर उपस्थित सभी श्रद्धालु मोहित हो गए और मस्तक नवाकर नमन किया। कांवड़ को देखने के लिए कस्बे और क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कावड़ियों के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के खतौली तिराहे पर स्थित थाने के सामने से पहुंचने पर पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पुलिस की ओर से जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई पर जानलेवा हमला



भोपा, 18 जुलाई (बु.)। थाना क्षेत्र की एक सनसनीखेज घटना में बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर तीन आरोपियों ने किशोरी के भाई को सब्जी लेकर आते समय घेर लिया और उसके साथ जबरदस्त मारपीट की, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित के भाई ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके गांव निवासी तीन आरोपी उसकी नाबालिग बहन पर बुरी नीयत रखते हैं। शुक्रवार की सुबह उसकी बहन पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गयी थी। आरोप है कि आरोपियों ने उसका पीछा कर दुरसाहस करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की और उसका हाथ पकड़ लिया। उसकी बहन ने घर वापस आकर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद उसके बड़े भाई ने घटना की शिकायत आरोपियों के परिजनों से की थी। युवक द्वारा परिजनो से मामले की शिकायत करना आरोपियों को नागवार गुजरा, जिस पर आरोपियों ने पीड़िता के भाई को जान से मारने की धमकी दी। शुक्रवार शाम पीड़िता का भाई मोरना से सब्जी लेकर अपने घर वापिस लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और एक जगह पर उसे घेर लिया और उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आए राहगीरों ने युवक को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया और उसकी जान बचाई, जिसके बाद आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देकर भाग गये, जिसके बाद पहुंचे परिजनों ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची भोपा पुलिस घायल को लेकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़िता के दूसरे भाई ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में शाहपुर नगर पंचायत ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी छलांग लगाई

**-पिछले साल 3033वां नंबर था, इस बार 347वीं रैंक आई**
**-यूपी में पिछले 582 के मुकाबले 167वां स्थान पाया**
**-जिले की नगर पंचायतों में पहली बार शाहपुर दूसरे पायदान पर आया**



शाहपुर, 18 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी की मेहनत एवं लगन तथा कर्मचारियों के प्रति उनका सहयोग आज आखिरकार रंग लाई गई। लगातार सफाई व्यवस्था पर कर्मचारियों को विभिन्न रूप से सम्मानित करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी कुरैशी के प्रयासों का ही नतीजा है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में शाहपुर में बड़ी उड़ान हासिल की है। इस कामयाबी पर चेयरमैन ने सफाई नायकों समेत सभी सफाई कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में शाहपुर नगर पंचायत ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ी छलांग लगाई है। गत वर्ष नगर पंचायत जहां सर्वेक्षण में 3033वां स्थान था, वहीं इस बार नगर पंचायत शाहपुर ने 347वां स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर पंचायत ने इस बार 2690 अंकों की छलांग लगाई है। यह तो बहुत बड़ी उपलब्धि है ही, वहीं दूसरी ओर प्रदेश स्तर पर स्थानीय नगर पंचायत गत वर्ष 582वें पायदान पर थी। वह इस बार तरक्की पर प्रदेश की नगर पंचायतों में 167वें नंबर पर आ गई है। इतना ही नहीं मुजफ्फरनगर जनपद में पिछले साल नगर पालिकाओं समेत नगर पंचायत चौथे स्थान पर थी तथा नगर पंचायतों में नीचे से दूसरे नंबर पर थी, यानि सातवें स्थान पर थी, लेकिन इस बार नगर पंचायत शाहपुर में यहां भी अपना लोहा मनवाने में कामयाब रही है। बुढ़ाना के बाद शाहपुर नगर पंचायत ने जनपद में दूसरे स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार ने बुलेटिन संवाददाता सचिन संगल को फोन पर बताया कि इस बार शाहपुर नगर पंचायत ने स्वच्छता के मामले में देश-विदेश एवं जनपद में अपना लोहा मनवाया है। सफाई नायक राजीव मेहरा एवं संदीप पाल ने बताया कि शाहपुर में बंजारों की सफाई में 90%, रिहायशी इलाकों की सफाई में नगर पंचायत को 81 प्रतिशत अंक मिले विशेष बात कह रही कि नगर की हर गली से फीडबैक मिला। अपशिष्ट उत्पादन संस्करण प्रदर्शन में 90 प्रतिशत, सार्वजनिक शौचालय की सफाई में कल 72 प्रतिशत अंक हासिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण मानकों पर खडा उतरने के लिए सभी ने पूरी मेहनत से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता में नगर पंचायत कर्मियों के साथ-साथ कस्बे की जनता का भी सहयोग मिला है। इसका नतीजा है कि जनपद में शाहपुर को दूसरा स्थान हासिल हुआ है और राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर भी रैंकिंग में बहुत बड़ा सुधार हुआ है। अकरम कुरैशी ने कहा कि भविष्य में जो कमी रह गई, उसमें भी सुधार किया जाएगा। कुल मिलाकर शाहपुर नगर पंचायत के लिए आज यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## भाजपा ज़िला महामंत्री विनीत कात्यायन ने किया मां के नाम वृक्षारोपण

बुढ़ाना, 18 जुलाई (बु.) कोतवाली क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली रोड पर स्थित बजाज शुगर मिल के सामने श्रीराम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ज़िला महामंत्री विनीत कात्यायन आमंत्रित रहे। जिन्होंने श्रीराम प्रसाद कात्यान इंटर कॉलेज में पेड़ लगाए। भाजपा नेता विनीत कात्यायन ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। एक पेड़ माँ के नाम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया एक सराहनीय अभियान है। इस अभियान से प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है तथा इसे एक गहरी व्यक्तिगत भावना से जोड़कर जलवायु कार्रवाई में व्यक्तिगत और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करता है। यहां पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक और शक्ति केंद्र संयोजक शाहिद असलम और पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुनीत शर्मा आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

# विधायक ने नगर पंचायत के शिविर का किया उद्घाटन

## - चेयरपर्सन, एसडीएम व सीओ भी हुए शामिल



बुढ़ाना, 18 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत बुढ़ाना के परिसर में पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी लगाए गये विशाल कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन आज शुक्रवार की सायं 7 बजे मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान ने अपने कर कमलों द्वारा अति विशिष्ट अतिथि एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी और बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के अलावा बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल, बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी और डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमेन सुबोध त्यागी सहित सैकड़ों कांवड़ियों व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया। इस दौरान यहां पर हुई आरती में सभी मौजूद अतिथियों ने भाग लिया। आरती ज्योतिषाचार्य पंडित विवेक मणि महाराज के द्वारा कराई गयी। इस दौरान यहां पर आने वाले सभी कांवड़ियों की सभी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। यहां वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, पूर्व सभासद राधेश्याम, सभासद नौशाद उस्मानी, सभासद राशिद मंसूरी, एडवोकेट अभिनव त्यागी, अहसान कुरैशी, पहलवान? तेजपाल सिंह वेदवान, अरविंद भटनागर, सभासद नसीम अहमद, सभासद नितिन शर्मा, अशरफ कुरैशी, संजीव वर्मा और रालोद नेता बालकिशोर त्यागी आदि लोग मौजूद रहे। यहां हिंदू मुस्लिम संगम भी देखने को मिला।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी 10 अगस्त की विशाल पीडीए पंचायत



शाहपुर, 18 जुलाई (बु.)। विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित फैज गार्डन बुढ़ाना के भव्य मैदान में आगामी 10 अगस्त को होने जा रही विशाल पीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी। पीडीए पंचायत की सफलता के लिए सपा नेता सत्येंद्र पाल ने फील्ड में उतरकर काम करना शुरू कर दिया है। सपा नेता रात दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से संपर्क साधने में लगे हैं। उनका यह प्रवास यहां की गुटबंदी को भी खत्म करने का काम करेगा, ऐसा प्रतीत हो रहा है। इस पंचायत में पिछड़े वर्ग, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ साथ अन्य वर्ग भी हिस्सा लेने को आतुर दिखाई पड़ रहा है, क्योंकि अन्य वर्ग इस पंचायत में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एक मंच पर देखकर सपा की ओर अग्रसर होगा, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में वैसे तो फिलहाल रालोद का प्रतिनिधि है, लेकिन इस बार बदलाव हो, इसके लिए जनता कमर कसने का काम कर रही है। लोगों का कहना है कि जितना अत्याचार योगी सरकार में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का हो रहा है, उतना उत्पीड़न इससे पहले की सरकारों में बिल्कुल भी नहीं हुआ। सपा नेता सत्येंद्र पाल इस बार इस बुढ़ाना विधानसभा की तस्वीर बदलने के इच्छुक हैं। बशर्ते अगर उनको पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ साथ हर अन्य वर्ग के लोगों का थोड़ा-थोड़ा सा समर्थन भी मिल जाए, तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे। खासकर यहां का पाल समाज भी अब भाजपा की चकाचौंध से ऊबकर समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन देने का जो मंसूबा बनाए हुए है, वो भी किसी से छुपा हुआ नहीं है। सत्येंद्र पाल इस पंचायत को सफल बनाने के लिए रात-दिन जो मेहनत कर रहे हैं, उससे पिछड़ा वर्ग बहुत ही खुश नजर आ रहा है। आगामी 10 अगस्त की पीडीए पंचायत में फैज गार्डन का पूरा मैदान खचाखच भर जाएगा। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। पीडीए पंचायत का संकल्प बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में सपा की लहर ला देगा, यह उम्मीद हर व्यक्ति को दिखाई पड़ रही है। पीडीए पंचायत को लेकर विपक्ष की भी नजर बुढ़ाना पर टिक गयी है। इस विशाल पंचायत में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उनका आने का प्रोग्राम फाइनल हो गया है। कुल मिलाकर आगामी 10 अगस्त की बुढ़ाना कस्बे के फैज गार्डन में होने वाली विशाल पीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी, ऐसी चर्चा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में जोरों-शोरों पर फैली हुई है।

# 10 लाख के हाइड्रोलिक सिस्टम से सजी अनोखी कांवड़ मचा रही धूम



मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)। सावन के महीने में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ मेला पूरे जोरों पर है और शहर पूरी तरह से भगवान शिव शंकर की भक्ति में डूबा हुआ है। इस बार कावड़ यात्रा में एक से बढ़कर एक अनोखी कावड़ देखने को मिल रही हैं, जिनमें से एक हाइड्रोलिक सिस्टम से तैयार की गई विशेष कावड़ ने सभी का ध्यान खींचा है। देर रात मुजफ्फरनगर के शिवचौक पर पहुंची इस कावड़ में भगवान शिव अपने रुद्र रूप में नजर आते हैं, जिसमें उनके मस्तक से आग की लपटें निकलती हैं और हाथ का डमरू स्वचालित रूप से बजने लगता है। इस अनोखी कावड़ को देखने के लिए शिव चौक पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि इस हाइड्रोलिक कावड़ को तैयार करने में 10 लाख रुपये की लागत आई है। 22 शिवभक्तों की एक टोली हरिद्वार से गंगाजल लेकर इस कावड़ के साथ नाचते-गाते दिल्ली के उत्तम नगर, महारानी एनक्लेव की ओर प्रस्थान कर रही है। यह टोली प्रतिदिन लगभग 30 किलोमीटर का सफर तय करती है। टोली के सदस्य धनंजय सिंह ने बताया, हम हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली के उत्तम नगर, महारानी एनक्लेव जा रहे हैं। इस कावड़ की खासियत यह है कि यह हाइड्रोलिक सिस्टम से बनी है। इसमें भगवान शिव उठते और बैठते हैं, और डमरू भी अपने आप बजता है। इस कावड़ को तैयार करने में 10 लाख रुपये का खर्च आया है। हमारी 22 लोगों की टीम इस यात्रा में शामिल है। यह हमारी दूसरी विशाल कांवड़ यात्रा है। पिछले साल भी हमने ऐसी कावड़ यात्रा की थी। यह सब महादेव की कृपा से हो रहा है, और हमारी कोई विशेष मनोकामना नहीं है, बस बाबा की भक्ति में लीन हैं। यह हाइड्रोलिक कावड़ न केवल तकनीकी रूप से अनोखी है, बल्कि यह शिव भक्तों के उत्साह और श्रद्धा का भी प्रतीक है। सावन के इस पावन माह में मुजफ्फरनगर का शिव चौक भक्तों के उत्साह से गूंज रहा है। यह कावड़ यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह तकनीक और भक्ति के अनूठे संगम का भी उदाहरण है।

# पंजाब में भिखारियों का डीएनए टेस्ट होगा, पुलिस ने माता-पिता-बच्चों को हिरासत में लिया

पंजाब, 18 जुलाई (एजेंसी)। पंजाब सरकार ने सड़कों पर बढ़ती भिखारियों की संख्या को गंभीरता से लेते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार के आदेश के बाद अमृतसर प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया है। गुरुवार को अमृतसर के गोल्डन गेट इलाके में घूम रहे कई भिखारियों और उनके बच्चों को हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन और पुलिस ने विशेष रूप से उन भिखारियों को पकड़ा, जो छोटे बच्चों को साथ लेकर भीख मांग रहे थे। आशंका है कि इन बच्चों का शोषण किया जा सकता है या वे उनके असली परिजन नहीं हैं। ऐसे मामलों में बच्चों का डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा, ताकि यह पता चल सके कि वे सच में उनके माता-पिता हैं या नहीं। पंजाब सरकार ने सड़कों पर भीख मांगते बच्चों को लेकर सख्त फैसला लिया है। सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे बच्चों का डीएनए टेस्ट कराएं, जो संदेहास्पद परिस्थितियों में भीख मांगते दिखते हों। शक है कि कई मामलों में ये बच्चे उनके माता-पिता के नहीं होते और मानव तस्करी या जबरन मजदूरी का शिकार हो सकते हैं।

# मोदी बंगाल में बोले- घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई होगी



पश्चिम बंगाल, 18 जुलाई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कहा कि बंगाल में अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इसके लिए इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। ये राज्य-देश और बांग्ला संस्कृति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा- टीएमसी ने घुसपैठियों के पक्ष में नई मुहिम शुरू की। मैं साफ कहता हूं, जो भारत का नागरिक नहीं है और घुसपैठ करके आया है, उस पर संविधान के तहत कार्रवाई होकर रहेगी। बंगाल के खिलाफ साजिश को भाजपा कामयाब नहीं होने देगी, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें ऑयल, गैस, बिजली, सड़क और रेल से जुड़ी कई अन्य विकास परियोजनाएं शामिल हैं। दुर्गापुर बंगाल के पश्चिम वर्धमान जिले का शहर है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2025 में मोदी की यह दूसरी पश्चिम बंगाल यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 29 और 30 मई को अलिपुरद्वार और कूच विहार में परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

# पहलगाम हमले के शहीदों की याद में हरिद्वार से लाई अनोखी कांवड़, श्रद्धालुओं में बनी आकर्षण का केंद्र

मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बुस.)। कांवड़ यात्रा के पवित्र अवसर पर इस बार देशभक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिल्ली निवासी शिवभक्त अनुपम ने ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम के तहत आतंकवादी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की याद में हरिद्वार से एक अनोखी कांवड़ लाकर जनपदवासियों का दिल जीत लिया। जैसे ही अनुपम की अनोखी कांवड़ मुजफ्फरनगर के शिव चौक पहुंची, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने इस खास कांवड़ को श्रद्धा से निहारा और शहीदों को नमन किया। अनुपम की यह चौदहवीं कांवड़ यात्रा थी, लेकिन इस बार वह इसे पूरी तरह से देश की सेना और शहीदों को समर्पित कर रहे हैं। अनुपम ने कहा कि हमारी सेना है, तभी हम हैं। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है।" उन्होंने कांवड़ यात्रा के माध्यम से पूरे देश को संदेश दिया कि शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भुलाया जाना चाहिए। जनपदवासियों ने अनुपम का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी देशभक्ति व आस्था की भावना की जमकर सराहना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह की कांवड़ यात्राएं युवाओं में देश के प्रति सम्मान और शहीदों के लिए सम्मान की भावना को और मजबूत करती हैं। मुजफ्फरनगर में अनुपम की यह अनोखी कांवड़ यात्रा हर किसी के लिए प्रेरणा बन गई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## कांवड़ यात्रा, आस्था की महायात्रा

कांवड़ यात्रा,आस्था की महायात्रा है। हरिद्वार से गंगा जल लेकर श्रद्धालु इस समय हर पल अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। डाक कांवड़ वाले श्रद्धालु भी तैयारी कर रहे हैं। हरिद्वार से ज्वालापुर तक का नगर का यातायात सामान्य चल रहा है। अधिकतम श्रद्धालु नगर से लगे ऊपरी पुल या उस पुल के नीचे से आ रहे हैं। यह पदयात्रा कठिन है, लेकिन श्रद्धा और भक्ति भाव इस यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए उनका मार्ग सुलभ कर देते हैं। एक समय में कांवड़ में गंगा जल छोटी शीशियों अथवा छोटी केन में रख कर लाया जाता था, बहुत से श्रद्धालु आज भी वैसे ही गंगा जल लाते हैं। परिवर्तन संसार का नियम है, इसलिए इस आस्था की महायात्रा में भी परिवर्तन हो रहे हैं। आज इस महायात्रा में वाहनों का भी प्रयोग हो रहा है। श्रद्धालु सामूहिक रूप से भी कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। बड़े वाहनों में सुन्दर झाँकियां, उत्कृष्ट डीजे लगाकर गाजे-बाजे के साथ यह महायात्रा पूर्ण की जा रही है। इस बार बहुत से युवा श्रद्धालु बड़े कलश में गंगा जल लेकर इस महायात्रा में भाग ले रहे हैं। एक कांवड़ में दो कलश तो हैं ही, चार कलश, छह कलश और आठ कलश की कांवड़ भी हैं, अर्थात भारी भार की कावड़ इस बार बड़ी संख्या में हैं, इनमें बहुत सी कांवड़ को तो एक साथ दो श्रद्धालु लेकर चल रहे हैं, इसके अतिरिक्त उनके साथ अन्य सहयोगी श्रद्धालु भी चल रहे हैं। इस बार बैटरी वाली रिक्शा का भी उपयोग किया जा रहा है। एक बड़ा तिरंगा भी इस महायात्रा में चल रहा है। भगवान शिव के कई रूपों की सुन्दर झाँकियां हैं। भगवान राम के मन्दिर के मॉडल की भी कांवड़ बनायी गायी है। हमारे यहाँ रामपुर तिराहे पर आस्था की इस महायात्रा का दृश्य बड़ा अद्भुत हो जाता है, यहाँ से नगर के भीतर होकर जाने वाले श्रद्धालु और मेरठ की ओर जाने वाले श्रद्धालु अलग-अलग होते हैं। साथ ही बाइक कांवड़ वाले श्रद्धालु जो मेरठ की ओर से हरिद्वार जाते हैं। उनका भी संगम इसी रामपुर तिराहे पर होता है। यहाँ बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती है, जो हर समय सतर्कता से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। नगरों के आसपास तो कांवड़ यात्रियों के लिए शिविर हैं ही, इसके साथ-साथ मार्ग में पड़ने वाले गाँवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण बड़े अहोभाव से हलवा पूरी, सब्जी पूरी, पानी की बोतल तथा फलों के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। आस्था की इस महायात्रा में श्रद्धा भक्ति और सेवा का अनोखा संगम देखने को मिलता है। कांवड़ यात्रा के आरम्भ के बारे में यह माना जाता है कि आस्था की इस महायात्रा का आरम्भ भगवान परशुराम द्वारा हुआ था। कांवड़ को लंकापति रावण से भी जोड़ा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि, महाबली रावण भगवान शिव का परम भक्त था। एक बार रावण ने कैलाश पर्वत को उठाने का प्रयास किया, जिससे शिव क्रोधित हो गए। कहा जाता है कि रावण को अपनी भूल की अनुभूति हुई तो रावण ने अपनी भूल स्वीकारते हुए शिवजी को प्रसन्न करने के लिए गंगाजल से शिव जी का अभिषेक किया। शिवजी का अभिषेक करने के लिए रावण पहली बार एक विशेष विधि से गंगाजल लेकर आए थे और इस जल को लाने के लिए उसने कांवड़ का उपयोग किया था, जिसे वह अपने कंधे पर लाया था। आज भी इसी परंपरा का पालन करते हुए शिवभक्त भगवान शिव को प्रसन्न कर उनकी कृपा पाने के लिए कांवड़ में गंगाजल भरकर और इसे कंधे पर रखकर चलते हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर बहुत कथाएँ हैं। अब श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही, इसे देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में कांवड़ यात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। भारी संख्या में शिवभक्त कांवड़िए गाजियाबाद से होकर गुजर रहे हैं। माना जा रहा है कि शनिवार रात्रि से डाक कांवड़ के आने का क्रम भी आरम्भ हो जाएगा। गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई रूटों को डायवर्ट किया गया है, तो कई मार्गो को वन वे किया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा बदलाव दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे को लेकर किया गया है। 19 जुलाई 2025 की रात 10 बजे से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे को वन वे कर दिया जाएगा। एक ही तरफ दिल्ली की तरफ आने और जाने वाले वाहनों का संचालन होगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की दिल्ली से मेरठ जाने वाली लेन पर सामान्य वाहनों का आवागमन जारी रहेगा, जबकि मेरठ से दिल्ली की ओर आने वाली लेन पूरी तरह से कांवड़ यात्रियों के लिए आरक्षित की गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसी को लेकर विभिन्न पॉइंट्स पर यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें एक सच यह भी है कि जब भक्तों की संख्या बढ़ जाती है, तो वे अपने आप व्यवस्था बना लेते हैं। आस्था की महायात्रा में अब हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान मध्य प्रदेश की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। मेरठ जोन में 11000 से अधिक कैमरों से निगरानी, परम्परागत तरीकों सहित हाइटेक तकनीकी का सहारा भी लिया जा रहा है। जहां-जहां से भी शिवभक्त कांवड़ियां जल उठाते हैं, वहां हर घाट पर गोताखोरों का प्रबंध किया गया है। बेरिकेडिंग की गई है, साथ ही वहां पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है, ताकि व्यवस्थित ढंग से लोग जल उठाएं और वहां भीड़ न हो। इसी प्रकार जिन मार्गो से श्रद्धालु जाएंगे, उन मार्गो पर सुरक्षा के लिए भी अन्य नेटवर्क बनाया गया है। उन शिवालयों पर भी अच्छी व्यवस्था है, जहां-जहां श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। इस महायात्रा में बहुत सुन्दर-सुन्दर झंकियां हैं, तो बुलडोजर कांवड़ भी है। बुलडोजर कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि योगी बाबा उनके प्रिय नेता है, जो हिन्दुत्व की रक्षा कर रहे हैं। वे हरिद्वार से तीसरी बार बुलडोजर कांवड़ लेकर आ रहे हैं। बुलडोजर कांवड़ पर देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र लगे हुए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जो काम किए, उनकी सराहना करते हुए कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। इसी काम के लिए बुलडोजर बाबा नाम सीएम योगी को मिला है। नहर की पटरी और मुख्यमार्ग के अलावा भी कई मार्गो से यह महायात्रा चल रही है। अभी मुजफ्फरनगर से मेरठ वाया मवाना को बसें जा रही हैं, आने वाले दिनों में जानसठ मार्ग पर भी श्रद्धालु होंगे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**"झूट" "आदमी" "शायर" "शायरी"**

झूट हर पल है जबां पर, झूट अब आदत बना,
हो गया है आदमी सच्चाईयों से कितना दूर।
जो बहकता हो यहाँ उसको न तुम शायर कहो,
शायरी इन्सान में लाती है जीने का शऊर।







शिविर में रोटियां सेंकते मंत्री कपिल देव

# मंत्री कपिल देव व पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

## अतिथि देवो भव के पवित्र संकल्प के साथ सड़कों पर उतरी पालिका चेयरपर्सन

### - अस्पताल चौराहे पर फव्वारा बंद मिलने पर लगाई जेई को फटकार

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** शिवभक्तों की सेवा में नतमस्तक नगर पालिका परिषद् की चेयरपर्सन ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के निदेशों को आत्मसात करते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पहुंचे शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा के साथ उनका पालिका परिवार की ओर से अभिनंदन करते हुए सनातन संस्कृति की अतिथि देवो भवः परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धा से भरे वातावरण में उन्होंने कांवड़ियों को प्रसाद के रूप में शीतल पेय वितरित कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इसी दौरान उन्होंने नगर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और अस्पताल चौराहे पर फव्वारा बंद मिलने पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित जेई को फौरन सुधार के निर्देश दिए। पावन श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान नगर में प्रवेश कर रहे शिवभक्तों का भव्य स्वागत करते हुए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। शिवभक्तों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि शहर में श्रद्धालुओं को अतिथि मानते हुए उनकी सुविधा हेतु नगरपालिका द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान फव्वारे की तकनीकी गड़बड़ी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित जेई जल जितेन्द्र कुमार को फटकार लगाते हुए त्वरित सुधार हेतु निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा केशव मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, अमन तोमर, विनीत धीमान, राधे वर्मा, भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद कुसुमलता पाल, रितु त्यागी, बबीता सिंह, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रजत धीमान, विजय चिंटू, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, प्रियांक गुप्ता, रविकांत काका, लिपिक मनोज पाल, प्रोजेक्ट मैनेजर जेएस एनवायरो नितेश चौधरी, डीके जैन आदि मौजूद रहे।

## मंत्री कपिल देव ने शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हरिद्वार से लौट रहे श्रद्धालु शिवभक्तों का मुजफ्फरनगर जिले के पुरकाजी बॉर्डर पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने स्वयं पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण ₹बोल बम₹ के जयकारों से गूंज उठा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि श्रावण माह की पवित्र कांवड़ यात्रा हमारी सनातन परंपरा की अद्भुत पहचान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निःशुल्क भोजन, प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सुविधा एवं विश्राम स्थल से युक्त सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्वच्छता, यातायात नियंत्रण, जलापूर्ति एवं मेडिकल रिस्पॉन्स टीम जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। कोई भी असामाजिक तत्व इस पावन यात्रा में विघ्न न डाल सके, इसके लिए शासन पूरी तरह सतर्क है। हर श्रद्धालु की सुरक्षा हमारी नैतिक और प्रशासनिक दोनों ही जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासन व नगर निकाय के अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन एवं शिवभक्त उपस्थित रहे।

### शिवचौक पर पर कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** नगर विधायक एवं योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को शाम के समय अपनी विधानसभा मुजफ्फरनगर के कच्ची सड़क स्थित रुड़की रोड, आनंदपुरी पेट्रोल पंप के सामने शंकर सेवा कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ कर श्रद्धा, सेवा और पुण्य के अनुपम संगम का अनुभव किया। इसके अलावा उन्होंने कंपनी बाग के सामने लगने वाले भाजपा नेता संजय गर्ग के कांवड़ सेवा शिविर में महाआरती की और बाद में शिवचौक पर पहुंचकर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त कांवड़ियों का जल व प्रसाद के वितरण के माध्यम से आत्मीय स्वागत कर उनके चरणों में नमन किया। शिविर में जलपान, विश्राम व प्राथमिक चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था भावपूर्वक संचालित की गई है। "बोल बम" के जयघोषों के बीच श्रद्धालु शिवभक्तों की सेवा करना केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाला दिव्य अनुभव रहा, जिसमें भक्ति, परमार्थ और समाज सेवा की त्रिवेणी प्रवाहित होती रही।





# जानसठ रोड पर 41वें कांवड़ सेवा शिविर का हुआ शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बुस.)।** शुक्रवार को जानसठ रोड स्थित शेरनगर बाईपास पर 41वें कांवड़ सेवा शिविर का भव्य आयोजन ठाकुर किरण पाल सिंह, विनोद शर्मा, ठाकुर मामचंद सिंह, विजय प्रताप सिंह एवं उनकी सेवा भावी टीम द्वारा किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य अंकुर दुआ, वरिष्ठ व्यापारी एवं भाजपा नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, भाजपा नेता सुनील तायल, संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा, व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिला संरक्षक सतपाल सिंह मान, जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष व मंडल संयोजक तरुण मित्तल, ब्राह्मण समाज के प्रमुख नेता अमित वत्स, संयुक्त व्यापार संघ संयोजक रमन शर्मा, सचिन शर्मा एवं शिव कुमार सिंघल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शिविर का उद्देश्य हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे श्रद्धालु शिवभक्तों की सेवा करना था। शिविर में जलपान, विश्राम एवं प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उत्कृष्ट रूप से उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने शिविर में उपस्थित रहकर शिवभक्तों की सेवा की, उन्हें प्रसाद वितरित किया तथा "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ अपनी श्रद्धा व आस्था व्यक्त की। अतिथियों ने शिविर के आयोजकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सेवा शिविर 'श्रद्धा, सेवा और भक्ति' का सजीव प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में समर्पण, सद्भाव एवं भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ करते हैं। इस सफल आयोजन हेतु समस्त आयोजक मंडल को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की गई।

# खाद्य विभाग की टीम ने कांवड़ क्षेत्र में चलाया चैकिंग अभियान

### - 02 प्रतिष्ठानों से पनीर, बर्फी, मैदा व आटे सहित 06 नमूने

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** सहायक खाद्य आयुक्त अर्चना धीरान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नगर पालिका क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान फूड सेफ्टी कनेक्ट एप के माध्यम से रिकॉर्डिंग की गई एवं सभी प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट चस्पा कराई गई। इसके साथ ही, विभागीय टीम ने खाद्य कारोबारियों को कांवड़ यात्रा मेले के दौरान सुरक्षा कारणों से विशेष रूप से प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु कड़े निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में चलाए छापा मार अभियान के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की ऑन साइट जांच मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन की सहायता से की गई। संदिग्ध वस्तुओं के नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।



सहायक खाद्य आयुक्त अर्चना धीरान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गोपाल जी स्वीट्स, हरीपुरम कूकड़ा से टीम द्वारा खोया, लाल मिर्च पाउडर, बर्फी, घेवर के नमूने एकत्र किए गए। इसके साथ ही राम प्रोविजन स्टोर हरीपुरम कूकड़ा से मैदा और आटा के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद मानकविहीन अथवा मिलावटी सामग्री पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रियों व स्थानीय जनता को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।



## निशुल्क कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बुस.)।** शिवभक्त सेवा संघ द्वारा आयोजित 41वें निशुल्क कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत शुभारम्भ पण्डित गजेंद्र शास्त्री द्वारा स्थापन पूजन-यज्ञ द्वारा कराया गया। इस अवसर पर शिव भक्त सेवा संघ के समर्पित सदस्यों की अतिरिक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन व कांवड़ यात्री भी उपस्थित रहे। शिविर प्रमुख राजन अग्रवाल द्वारा शिविर की 24 घण्टे अबाध चलने वाली चिकित्सा सेवाओं की जानकारी दी। व्यवस्था प्रमुख संजय गर्ग द्वारा शिविर की विश्राम व्यवस्थाओं, स्नान व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्थाओं की जानकारी दी गयी। प्रातःकालीन चाय-नाश्ता की सुचारू व्यवस्था प्रमुख सुनील गर्ग तथा भोजन व्यवस्था प्रमुख मुकुल गर्ग के निर्देशन में चल रही है। उपरोक्त जानकारी देते हुए व्यवस्थाओं के बारे मे प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया है कि प्रतिदिन की प्रातःकालीन आरती सुबह 8 बजे व सायं कालीन आरती शाम साढ़े सात बजे सभी उपस्थित गणमान्य महानुभावों व सहृदय सहयोगियों के सान्निध्य में कांवड़ यात्रियों द्वारा सम्पन्न की जा रही है। शिविर का समापन 22 जुलाई व अन्नपूर्णा भोग 23 जुलाई को होगा।

## शिव पूजा में उत्तर की ओर मुख करें : संजीव शंकर

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बुस.)।** श्रावण मास में भिन्न-भिन्न इच्छाओं की पूर्ति के लिए विभिन्न द्रव्यों से व रुद्र मंत्रों के साथ किया गया भगवान शिव का अभिषेक रुद्राभिषेक कहलाता है, ॐ नमः शिवाय मंत्र के साथ जल से किया गया अभिषेक जलाभिषेक कहलाता है। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर ने बताया कि पंचामृत ( दूध, दही, शहर, घी व गंगाजल) से किया गया अभिषेक समस्त प्रकार के सुख-समृद्धि वाला होता है। किसी भी विशेष दिन किसी विद्वान ब्राह्मण के साथ बैठकर रुद्राभिषेक करना चाहिए। सामान्य रूप से प्रतिदिन गुरु से प्राप्त कोई शिव मंत्र जपते हुए पंचामृत से अभिषेक करें। शिवालय में शिवलिंग के दक्षिण दिशा में उत्तर की ओर मुख करके खड़ा होना चाहिए (सामान्य रूप से जो जलहरी का मुख होता है, वह उत्तर की ओर होता है)। धन के लिए गन्ने के रस से, परिवार में सुख शांति समृद्धि के लिए पंचामृत से, शत्रु नाश के लिए सरसों के तेल से, इत्र मिला जल से बीमारी दूर होती है। दांपत्य जीवन में मधुरता आती है। कुशोदक से असाध्य रोगों से शांति,और तीर्थ जल से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों का भारत अंतरिक्ष अकादमी के समर ट्रेनिंग में चयन

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों वाशु और अमन को भारत अंतरिक्ष अकादमी द्वारा आयोजित रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस 2025 ग्रीष्मकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ है। भारत अंतरिक्ष अकादमी द्वारा संचालित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएगा एवं उनके कौशल को निखारने में सहायक होगा। कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर के ऐसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अवसर प्राप्त होना पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और कॉलेज की गुणवत्ता का प्रमाण है। हम हमेशा छात्रों को नई तकनीकों से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने भी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों वाशु और अमन ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर लगन और सही मार्गदर्शन मिले, तो कोई भी छात्र किसी भी मुकाम तक पहुँच सकता है। यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। हम संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के साथ-साथ छात्रों को व्यावहारिक अनुभव दिलाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें यह उपलब्धि केवल हमारी मेहनत से नहीं बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से मिली है। हम अपने सभी प्रोफेसरों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें हमेशा प्रोत्साहित किया और हमारी हर समस्या में हमारा मार्गदर्शन किया।



## अज्ञात वाहन की साइड लगने से बाइक सवार युवक घायल

**जानसठ, 18 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव कवाल के सामने ईंट भट्टे के पास जानसठ की ओर से अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने साइड मार दी। साइड लगने से बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। गांव रोहाना निवासी 26 वर्षीय इरशाद पुत्र एजाज अली अपने साथी जाहिद पुत्र शेर अली के साथ शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे बाइक द्वारा मीरापुर की ओर से अपने घर जा रहे थे। गांव कवाल के सामने ईंट भट्टे के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में साइड मार दी। साइड लगने से बाइक सवार इरशाद और जाहिद गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहां से उन्हे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कवाल चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि बाइक सवार ने हेलमेट पहना था। अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया।

# बाइक सीज करने पर बिफरे भाकियू कार्यकर्ता, थाने पर घंटों हंगामा

**भोपा, 18 जुलाई (बु.)।** भाकियू कार्यकर्ता की बाइक सीज करने पर बिफरे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में भोपा थाने पर जमकर हंगामा किया और लगभग तीन घंटे धरना प्रदर्शन किया। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी भाकियू कार्यकर्ता यशपाल सिंह ने बताया कि उसका पुत्र देर शाम अपने दो साथियों के साथ अपनी बाइक लेकर गांव से कांवड़ मार्ग पर होते हुए भोपा पेट्रोल पंप पर आ रहा था। जैसे ही वह भोपा पुल पर पहुंचा, तो ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी द्वारा बाइक को रोक लिया और तीन सवारी होने व कुछ अन्य कमियों का हवाला देते हुए बाइक को सीज कर दिया। बाइक सीज होने की जानकारी किशोर द्वारा अपने पिता को दी, जिस पर यशपाल सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद ही दर्जनों की संख्या में भाकियू कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी के नेतृत्व में भोपा थाने पर पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान लगभग तीन घंटे धरना प्रदर्शन चलता रहा और कई बार की वार्ता के बाद भी कोई हल नहीं निकल पाया। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी है। इस दौरान अनुज राठी ब्लॉक अध्यक्ष, बिट्टू प्रधान, सर्वेंद्र राठी, यशपाल सिंह, बबलू, कृष्ण, महताब पहलवान, शिवकुमार, अफसर सीकरी, अजय कादीपुर, अशोक सिकंदरपुर, विनीत मोरना, राहुल त्यागी, सतबीर यूसुफपुर, फैजान आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तीन नाबालिग किशोरों द्वारा कांवड़ मार्ग पर चलाई जा रही बाइक को सीज किया गया है।



# प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर आज खतौली में

**खतौली, 18 जुलाई (बु.)।** आज प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर के प्रस्तावित नगर आगमन से पूर्व अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र के कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर सेवा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र सिंह के खतौली आगमन और कांवड़ सेवा शिविर के उद्घाटन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, एसडीएम खतौली राजकुमार भारती आदि प्रशासनिक अधिकारियों की टीम द्वारा नगर क्षेत्र के कांवड़ शिविर स्थलों का निरीक्षण कर शिविरों में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा शिविर आयोजकों से वार्ताताप कर उनके सुझावों को सुना तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम द्वारा इस दौरान कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को संज्ञान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात व गंगनहर पर गोताखोरों की व्यवस्था का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों के नगर आगमन के दौरान पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद दिखाई दिया। कांवड़ मार्ग पर तेज गति से दौड़ते वाहनों के आवागमन पर अंकुश लगा नजर आया। उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार आज प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर सिंह का नगर में आगमन रहेगा। इस दौरान प्रभारी मंत्री नगर क्षेत्र के कुछ कांवड़ शिविरों का उद्घाटन करने के साथ साथ सेवा शिविरों के आयोजकों से मुलाकत करेंगे।









शिवचौक से होकर गुजरी मन भावन कांवड़ें


















## 3 करोड़ की कोठी मिट्टी में मिली, यूपी से मुंबई तक तड़ातड़ छापे

**लखनऊ, 18 जुलाई (एजेंसी)।** बीती पांच जुलाई को लखनऊ के एक होटल में ठहरे 76 साल के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को यूपी एटीएस ने धरदबोचा। साथ में उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन भी मिली। दोनों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। फिर जो खुलासे हुए, उसे जानकर हर कोई दंग रह गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उसको ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए नजीर बनेगी। फिर छांगुर बाबा के बुरे दिन आ गए। सबसे पहले बलरामपुर की उसकी आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिरा दिया गया। तीन करोड़ की इस कोठी में सुख-सुविधा के सभी साधन मौजूद थे। छापेमारी में पुलिस को शक्तिवर्धक दवाएं और मसाल आयल भी बरामद हुआ। इस कोठी को गिराने में प्रशासन का आठ लाख रुपया खर्च हुआ। इसे भी छांगुर बाबा से वसूला जाएगा।

## गाजियाबाद में केएफसी रेस्टोरेंट में हिंदू संगठनों का हल्लाबोल, बोले- सावन में नहीं बिकेगा मांस

**गाजियाबाद, 18 जुलाई (एजेंसी)।** गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता केएफसी रेस्टोरेंट में घुस गए। हर हर महादेव और जय श्री राम के नारे लगाते हुए नॉनवेज शॉप को बंद करवा दिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सावन के पवित्र महीने में जब कांवड़ यात्रा चल रही हो, तब पास के मांस की बिक्री नहीं होनी चाहिए। हंगामे का वीडियो भी सामने आया है, जो 17 जुलाई का है। इस पूरे मामले में इंदिरापुरम थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ये मामला वसुंधरा इलाके का है। हिंदू रक्षा दल का कहना है कि इन रेस्टोरेंट्स से उठने वाली मांसाहारी गंध से श्रद्धालुओं की भावना आहत होती है। कार्यकर्ताओं ने केएफसी का शटर बंद करवा दिया और चेतावनी दी कि अगर सावन माह में मांस की बिक्री नहीं रोकी गई, तो आगे और बड़ा विरोध होगा। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ मार्ग से 100 से 200 मीटर की दूरी तक आने वाले सभी मांसाहारी रेस्टोरेंट्स को सावन के महीने में बंद रखा जाए।

## भड़काऊ भाषण एवं निजी परिवाद मामले में 20 अगस्त की तिथि नियत

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** 31 अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। पुलिस की तरफ से भड़काऊ भाषण के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, साध्वी प्राची, श्यामपाल चेयरमैन, मिंटू, योगेश, सचिन, बिट्टू सिखेड़ा, शिवकुमार, वीरेन्द्र प्रमुख समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में वीरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है, जबकि आरोपी शिवकुमार की फाइल अलग कर दी गई थी। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। निजी परिवाद के मामले में सांसद हरेन्द्र मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत 21 के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 20 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

## किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** खालापार थाने में क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 13 जुलाई की रात को उसकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गयी थी, जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल सकी। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि 16 जुलाई को जानकारी मिली कि किशोरी को अयान व उसका बहनोई अबरार अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गए हैं। पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका जताई है। पिता की तहरीर पर खालापार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व बैंक शाखा-प्रबंधक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा शेरनगर के प्रबंधक शिवांश वर्मा ने नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अमृता सिंह निवासी ग्राम रामपुर जनपद कानपुर व हाल निवासी गोकुल सिटी मुजफ्फरनगर जोकि जुलाई 2021 से मई 2023 तक शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात रही, को वर्तमान में बैंक की ओर से निलंबित किया गया है। आरोप है कि अमृता सिंह ने अपने पद पर रहते हुए ड्रीम सिटी मुजफ्फरननगर में एक प्लॉट खरीदकर उस पर मकान बनाने के लिए 40 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया था। ऋण राशि प्राप्त करने के बाद प्लॉट तो खरीद लिया गया, लेकिन उस पर आज तक निर्माण नहीं किया गया है। आरोप है कि आवश्यक कागजों की पूर्ति भी नहीं की गई। अपने पद का लाभ उठाकर बैंक से रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली गयी है। कोर्ट के आदेश पर नई मंडी कोतवाली में उसके खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## ससुरालियों पर लगाया दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला जानकीदास निवासी शबीना ने बताया कि उसकी शादी अगस्त 2017 में किदवईनगर थाना खालापार निवासी सदाकत के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद उसके ससुरालिए उससे अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर वे उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। बेटी को जन्म देने पर ससुरालिए उसे और तंग करने लगे। शबीना ने आरोप

**▶▶ पति पर तीन तलाक देने का भी आरोप**

लगाते हुए बताया कि उसका पति हिस्ट्रीशीटर बदमाश भी है। लगभग डेढ़ साल पूर्व पति सदाकत ने मारपीट कर उसे अपने घर से निकाल दिया था, तब से वह अपने मायके में रह रही है। शबीना ने आरोप लगाया कि 19 जनवरी को ससुरालिये घर पर आए और नकदी व कार की डिमांड करने लगे। उसने जब इसका विरोध किया तो पति सदाकत व ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और सास के कहने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सदाकत, जेठ अरशफ, ससुर अनीस, सास शकीला, ननद रेशमा, शबाना, सहाना व गुलशन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कांवड़ में दिखा मामा-भांजों का प्यार

**▶▶ कंधों पर सवार भांजों को लेकर मामा ने उठाई कांवड़**

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान, जहां एक ओर शिवभक्त भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए कठिन तपस्या कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो मानवीय रिश्तों की गहराई और प्रेम को दर्शाती हैं। ऐसी ही एक हृदयस्पर्शी तस्वीर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसमें एक मामा अपने दो छोटे भांजों को कंधों पर बिठाकर कांवड़ यात्रा पूरी कर रहे हैं। यह दृश्य यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर में देखा गया, जब मामा देवेंद्र अपनी कांवड़ के साथ-साथ अपने भांजों, 6 साल के अंशुल और 8 साल के आर्यन को अपने कंधों पर बैठा कांवड़ उठाकर हरिद्वार से दिल्ली तक अपनी पैदल यात्रा कर रहा है। इस अनूठे नजारे को देखकर हर कोई भावुक हो उठा और मामा-भांजे के इस अटूट प्रेम की सराहना करने लगा। कांवड़ ला रहे मामा देवेंद्र से जब बात की, तो उन्होंने कहा कि इस बार मैंने मन में ठान रखी थी कि मेरे भांजे अगर कांवड़ में मेरे साथ आएंगे तो मैं आऊंगा वरना मैं भी नहीं आऊंगा। ये दोनों भांजे कांवड़ में मेरे साथ आये, जिसके चलते दिल ने गवाही दी कि ये छोटे हैं। इस कारण में इन्हें अपनी श्रवण कांवड़ में बैठाकर अपनी यात्रा पूरी कर रहा हूं। देवेंद्र बताते हैं कि उनकी टोली में 11 शिव भक्त भोले हैं, जो उनके साथ रोजाना 40 से 50 किलोमीटर का सफर तय करते हैं। आपको बता दें कि हरिद्वार हर की पौड़ी से चलकर लाखों करोड़ों शिवभक्त कांवड़िए मुजफ्फरनगर से होते हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं, जिसके चलते अब रोजाना यहां पर रंग-बिरंगी अनोखी हैरान कर देने वाली कांवड़ देखने को मिल रही है। बरहाल अपने मासूम भांजों को अपनी श्रवण कावड़ में बैठाकर अपनी कांवड़ यात्रा कर रहे शिवभक्त देवेंद्र का कहना है कि हम दिल्ली से हैं और हरिद्वार से दिल्ली यात्रा कर रहे हैं। यह दोनों बच्चे मेरे भांजे हैं। बस ऐसे ही खुशी में ले जा रहा हूं, मन में ठान लिया था। कांवड़ दिल्ली के इस्माइलपुर में जल चढ़ाएंगे, मन्नत तो बस ऐसे ही दिल में हैं, जो होगी, देखेंगे।



## इंडी गठबंधन से अलग हुई आप

**नई दिल्ली, 18 जुलाई (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की। कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था। कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन क्या उसने विपक्षी एकता सुनिश्चित करने में कोई भूमिका निभाई?

## मुरादाबाद में दो मुस्लिम युवतियों ने हिंदू लड़कों से की शादी, धर्म के साथ नाम भी बदला

**मुरादाबाद, 18 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी के मुरादाबाद में दो मुस्लिम युवतियों ने हिंदू लड़कों से शादी कर ली। दोनों लड़कियों ने धार्मिक सीमाओं को लांघते हुए आर्य मंदिर में विवाह किया। दोनों लड़कियों ने स्वेच्छा से हिंदू धर्म भी अपना लिया है। हिंदू रीति-रिवाज से दोनों की शादी संपन्न हुई। मुरादाबाद जिले के कटघर के रहने वाली स्वालेहीन ने हिंदू धर्म अपना कर अपना नाम शालिनी रख लिया और उन्होंने अमित से हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। इसके अलावा भोजपुर की रहने वाली नूर फातमा ने हिंदू धर्म अपनाकर अपना नाम नीलम रख लिया और उन्होंने गौरव से शादी की। आर्य मंदिर में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की और सात फेरे लिए। दोनों युवतियों ने किसी भी तरह से दबाव में न आकर शादी करने की बात कही है। मुस्लिम से हिंदू हुई शालिनी ने कहा कि वह लंबे समय से अमित से प्रेम करती थीं। परिजनों के विरोध के चलते वह समाज के सामने अपने रिश्ते को नहीं ला पा रही थीं। उन्होंने अपने परिजनों से जान खतरा बताया है। पति अमित के साथ रहने की इच्छा जताई है।

## पहलगाम हमले का दोषी टीआरएफ आतंकी संगठन करार

**नई दिल्ली, 18 जुलाई (एजेंसी)।** अमेरिका ने पाकिस्तान के लिए फिर से फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के ग्रे लिस्ट में जाने का दरवाजा खोल दिया है। अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले टीआरएफआतंकवादी संगठन को विदेशी आतंकी संगठन और ग्लोबल आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। टीआरएफ ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी और बाद में पाकिस्तान के कहने पर अपने दावे से मुकर गया था। आतंकी हमले में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की बेरहमी से धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। भारत ने इसके लिए सीधे पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था और बाद में 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। भारत ने पीओके के साथ-साथ पाकिस्तान स्थिति 9 आतंकी संगठनों पर घातक हमले किए थे। भारत के हमले में आतंकी मसूद अजहर का पूरा परिवार मारा गया था। अमेरिका के इस कदम से एक बार फिर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका और उसकी धरती से संचालित आतंकी ढांचे के खिलाफ दुनिया की तरफ से कड़ी कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

## पाकिस्तानी पंजाब में बाढ़ से 24 घंटे में 63 मौतें, कई इलाकों में इमरजेंसी लागू

**रावलपिंडी, 18 जुलाई (एजेंसी)।** पाकिस्तानी पंजाब के कई जिलों में गुरुवार को भारी बारिश और बाढ़ से 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 290 घायल हैं। हालात को देखते हुए कई इलाके में इमरजेंसी लगाई गई है। पंजाब की डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने बताया कि लाहौर में 15, फैसलाबाद में 9, साहिवाल में 5, पाकपट्टन में 3 और ओकारा में 9 लोगों की मौत हुई है। सरकार ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने सोमवार को देशभर में 17 जुलाई तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पर कहा कि असामान्य बारिश और बाढ़ की वजह से पंजाब के अलग-अलग इलाकों में इमरजेंसी लागू की गई है।" उन्होंने लोगों से लोकल अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की। झेलम में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। लोकल अधिकारी के मुताबिक अब तक 57 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और 50 से ज्यादा नावें इस बचाव कार्य में लगी हुई हैं, जबकि 15,000 से ज्यादा बचाव कर्मी और 800 नावें हाई अलर्ट पर हैं।

# लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को झटका देते हुए 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से संबंधित उनकी याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई करने से आज मना कर दिया। श्री यादव दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर शीर्ष अदालत की शरण में गये थे।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने पूर्व रेल मंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र को रद्द करने की श्री यादव की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय फैसला करेगा। सर्वोच्चय न्यायालय ने साथ ही, दिल्ली उच्च न्यायालय को मुख्य याचिका का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ता को राहत देते हुए कहा कि निचली अदालत में उनकी उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त की जा सकती है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 29 मई को श्री यादव की निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कार्यवाही पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है।

राजद अध्यक्ष ने अपनी याचिका में दावा किया कि निष्पक्ष जांच के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन करते हुए 'अवैध' और दुर्भावना से प्रेरित जांच के जरिए उन्हें परेशान किया जा रहा है।उन्होंने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि नए सिरे से जाँच शुरू करना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी रद्द करने की श्री यादव की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया था। इस मामले में उच्च न्यायालय 12 अगस्त को सुनवाई करेगा।सीबीआई ने 18 मई, 2022 को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2004 से वर्ष 2009 के दौरान, श्री यादव ने ग्रुप "डी" रेलवे की नौकरियों के बदले अपने परिवार के लिए जमीन हासिल करने के लिए अपने (रेल) मंत्री पद का दुरुपयोग किया था।एजेंसी ने यह आरोप लगाया था कि ये नियुक्तियां बिना किसी सार्वजनिक विज्ञापन के की गईं। जाँच से पता चला कि पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री यादव के निर्देश में इन नियुक्तियों में मदद की।सीबीआई ने दावा किया कि ये नियुक्तियाँ भारतीय रेलवे के भर्ती के लिए स्थापित मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं थीं।

## अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू

**जम्मू, 18 जुलाई (वार्ता)।** जम्मू बेस कैंप से श्री अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए स्थगित होने के बाद आज सुबह 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था 'बम बम भोले' का जयकारा लगाते हुए यात्री निवास भगवती नगर बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। बालटाल मार्ग पर भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कल जम्मू और पहलगाम-चंदनवाड़ी बेस कैंप से किसी भी जत्थे को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री आज 261 वाहनों के बेड़े में बेस कैंप से रवाना हुए। उन्होंने आगे कहा, ''कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू बेस कैंप से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।'' उन्होंने आगे बताया कि 2,879 तीर्थयात्री पहलगाम और 5,029 तीर्थयात्री बालटाल के लिए 261 वाहनों के काफिले में रवाना हुए, जिनमें हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन दोनों शामिल थे।

## विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर गाय की दर्दनाक मौत

**भोपा, 18 जुलाई (बु.)।** भोपा थानाक्षेत्र के गांव मोरना के मेला मैदान के सामने प्रमोद पाल का मकान है। प्रमोद एक छोटी जोत का किसान है और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा है। शुक्रवार को उसके घर के सामने पैठ बाजार लगा हुआ था। देर शाम वह परिवार के साथ खाना खा रहा था तभी अचानक उसकी गाय खूंटे से खुलकर मेला मैदान में आ गई और मैदान में पैठ बाजार के बाद पड़ी सब्जी आदि खाने लगी तभी वह मेला मैदान में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आ गई और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मैदान में मौजूद ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर प्रमोद घर से बाहर निकला तो उसे हादसे की जानकारी हुई। गाय की दर्दनाक मौत से उसकी आंखों में आंसू आ गए। सूचना पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य संजय रवि ने ग्रामीणों की मदद से गाय का अंतिम संस्कार कराया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर के चारों तरफ जाल लगवाने और पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है।



## शराफत से कहां मान रहे थे ई-रिक्शा चालक, आखिर परेशान होकर टायरों में सुआं ही मारना पड़ा

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** नगर में ई-रिक्शाओं का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। प्रशासन के लाख समझाने के बावजूद भी कांवड़ मार्ग पर भी ई-रिक्शाओं का आवागमन नहीं रुक पाया। शहर में इस समय दो चौराहे ही खुले हैं, जिनमें मीनाक्षी चौक और अस्पताल चौराहा। इन्हीं दोनों पर आधे से अधिक वाहनों में ई-रिक्शाएं ही दिखाई पड़ती हैं। प्रशासन द्वारा लगभग चार दिन पहले इन ई-रिक्शा चालकों को समझाने का प्रयास किया गया कि फिलहाल इन ई-रिक्शाओं का संचालन कम किया जाए। मगर मजाल है जो कोई टस से मस होने को तैयार हुआ हो। हजारों ई-रिक्शाएं रोज जाम लगाती दिख रही हैं। शुक्रवार को दिन निकलते ही प्रशासन ने अपना रौद्र रूप दिखाया और खालापार से मीनाक्षी चौक की ओर आ रही ई-रिक्शाओं को पहले प्यार से रोकने का काम किया मगर ये कहां रुकने वाले थे। इसके बाद प्रशासन ने इन पर लठ फेरा इसके बाद भी जब ई-रिक्शा चालक नहीं माने तो सीधा सुआं उठाकर टायरों में घोपना पड़ा। इसके बाद कहीं ई-रिक्शाओं का संचालन बंद हो पाया।



# पुलिस उपमहानिरीक्षणक सहारनपुर ने किया डीएम, एसएसपी के साथ किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 18 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मुजफ्फरनगर पुलिस एवं प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ भूराहेड़ी चैक पोस्ट (उत्तराखण्ड-पुरकाजी बॉर्डर) सहित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारीगण द्वारा कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं जैसे बैरिकेडिंग, डायवर्जन, बैरियर, रिफ्लेक्टर, दिशा हेतु लगाये गये फ्लैक्स बोर्ड आदि का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात कांवड़ यात्रा के दौरान बनाये गये ड्यूटी प्वाईन्ट को चेक किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, कांवड़ यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने एवं उनकी हरसम्भव सहायता करने तथा डायवर्जन प्लान को कड़ाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, कांवड़ मार्ग पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने, शिवभक्त श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने, यदि किसी श्रद्धालु के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उनकी तबीयत खराब होती है, तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने तथा छोटी/बड़ी सूचना से तत्काल उच्चाधिकारीगण को अवगत कराने सम्बन्धी आवश्यक



दिशा- निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अधिकारीगण द्वारा शिवभक्त श्रद्धालुओं से वार्ता कर कुशलक्षेम पूछी गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी सदर देववृत वाजपेई सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में कांवड़ियों पर हमला, ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे व तलवार से हमले का आरोप

**प्रयागराज, 18 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी के प्रयागराज के मऊआइमा के ग्राम सराय ख्वाजा में शुक्रवार दोपहर डीजे संग जुलूस निकाल रहे कांवड़ियों का दूसरे समुदाय के लोगों से विवाद हो गया। कांवड़ियों का आरोप है कि उन पर ईंट-पत्थर व तलवार से हमला किया गया। बीच बचाव के लिए पहुंचीं महिलाओं से अभद्रता की गई। पुलिस ने दूसरे समुदाय के तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। साथ ही 15 नामजद समेत 65 पर केस दर्ज किया है। महेंद्र कुमार सरोज ने बताया कि उनके ही गांव के रामकृष्ण सरोज, पुरषोत्तम सिंह, राजेंद्र जायसवाल, अंकित सरोज, शशांक कश्यप, मनीष कश्यप, शुभम प्रजापति, हरिकेश, धीरज आदि कांवड़िये शुक्रवार दोपहर डीजे साउंड संग जुलूस निकालकर जल भरने जा रहे थे। आरोप है कि धर्मस्थल के पास पहुंचते ही वहां मौजूद दूसरे समुदाय के लोगों ने ईंट-पत्थर चलाते हुए लाठी-डंडे, तलवार आदि से हमला कर दिया और जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से कई कांवड़ियों को चोटें आईं। बीच बचाव में आईं महिलाओं के साथ अभद्रता की गई।

# भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल गिरफ्तार, ईडी अपने साथ ले गई

**नई दिल्ली, 18 जुलाई (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को एऊकी टीम ने गिरफ्तार कर लिया है और अपने साथ लेकर चली गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी की गाड़ी को रोकने की कोशिश की। ईडी की टीम पहले भी चैतन्य बघेल से पूछताछ कर चुकी है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के भिलाई स्थित घर पर आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है। पिछले कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले के आरोपों को लेकर सियासी माहौल गमार्या हुआ है। इसी सिलसिले में ईडी ने कई बार भूपेश बघेल और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी की है। ईडी सूत्रों के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत



मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। इस मौके पर भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा कि आज बेटे का जन्मदिन है, केंद्र सरकार ने तोहफा भेजा है। जैसे ही खबर फैली कि ईडी की टीम भूपेश बघेल के घर पर रेड कर रही है, कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने घर के दोनों गेट पर जमीन पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईडी की गाड़ियों पर पथराव भी हुआ है।

## गोल्डन टेम्पल को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, 5 बार किया था थ्रेट मेल

**अमृतसर, 18 जुलाई (एजेंसी)।** अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में बड़ी सफतला हासिल हुई है। धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। विस्तृत जानकारी के लिए पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर कुछ देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी तमिलनाडु से की गई है' बता दें सोमवार से लगातार ईमेल के जरिए जारी 5 बार श्री हरमंदिर साहिब को आरडीएक्स से उड़ने की धमकियां मिल चुकी हैं' इसके बल पुलिस और अर्ध सैनिक बल व टास्क फोर्स द्वारा लगातार श्री हरमंदिर साहिब वह उसके आसपास के क्षेत्र में चेकिंग की जा रही है' गोल्डन टेंपल को कई बार बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इसके साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को गोल्डन टेंपल को उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिलने के बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को लोगों से अफवाहों से सावधान रहने का आग्रह किया।

## निमिषा प्रिया के मामले में केंद्र का बयान- हम चाहते हैं महिला सुरक्षित लौटे, विदेश मंत्रालय हुआ एक्टिव

**नई दिल्ली, 18 जुलाई (एजेंसी)।** निमिषा प्रिया का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में विदेश मंत्रालय पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि, वे चाहते हैं कि महिला सुरक्षित वापस आए। सरकार हर संभव मदद कर रही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी पेश हुए। उन्होंने कहा- निमिषा को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उधर याचिकाकर्ता संगठन "सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील की है। उन्हें निमिषा को बचाने के लिए यमन जाने दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा, आप केंद्र से संपर्क करें। हम इस पर कुछ नहीं कहेंगे। अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। इससे पहले 14 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी, जिसे फिलहाल टाल दिया गया है। वे 2017 से यमन की जेल में बंद हैं।